# चाइनीज मांझा बना दो मौत की वजह

▶ पुलिस की सख्ती के बाद भी शहर में दिखाई दे रहा चाइना मांझा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से हुई दो मौतों के मामलों ने पुलिस जांच की चुनौती को उजागर कर दिया है. इस साल शहर में गला कटने की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई. दोनों ही मामलों में पुलिस ने गैरइरादतन हत्या के प्रकरण दर्ज किए, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद पतंग उड़ाने वाले आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं.**

पहला मामला तेजाजीनगर थाना क्षेत्र का है, जहां आठवीं कक्षा के एक छात्र की चाइनीज मांझे से गला कटने के बाद मौत हो गई थी. घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन ठोस सुराग नहीं मिल सके. दूसरा मामला तिलकनगर थाना क्षेत्र में सामने आया था. यहां ठेकेदार रघुबीरसिंह धाकड़ की चाइनीज मांझे से गला कटने के कारण जान चली गई थी. गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया था, लेकिन अधिक खून बहने से उनकी मौत हो गई.

इसी दौरान जूनी इंदौर क्षेत्र में भी चाइनीज मांझे से हादसा हुआ था, जिसमें धार निवासी नरेंद्र जामोद घायल हुआ था और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था. इन घटनाओं के बाद पुलिस ने प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ शहरभर में अभियान चलाया था. इस दौरान दर्जनों लोगों की गिरफ्तारी की गई और लाखों रुपए का चाइनीज मांझा जब्त किया. कई मामलों में जिलाबदर और बाउंडओवर की कार्रवाई भी की गई, वहीं गोदामों पर छापे मारकर अवैध मांझा जब्त किया.

इसके बावजूद इन पुराने मामलों में आरोपी सामने नहीं आ सके हैं. पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन फिलहाल दोनों मौतों के मामलों में आरोपी अज्ञात ही बने हुए हैं.

# चाइनीज मांझा से हो रही मौतों के बाद सड़क पर उतरी पुलिस

## चारों जोन में एकसाथ की सख्ती, चाइनीज मांझा बेचने और उपयोग करने से रोकने के लिए फील्ड में उतरे डीसीपी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में चाइनीज मांझे से हुई दो मौतों के बाद पुलिस ने पूरे जिले में एकसाथ सख्त अभियान छेड़ दिया है. शहर के चारों जोन में पुलिस अफसर सड़कों पर उतरे, बाजारों में पहुंचे और खुले मैदानों से लेकर ब्रिज तक निगरानी बढ़ा दी. पुलिस ने साफ संदेश दिया कि चायना मांझे का उपयोग, खरीद-फरोख्त या भंडारण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.**

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में जोन 1 के डीसीपी कृष्ण लालचंदानी, जोन 2 के डीसीपी कुमार प्रतीक, जोन 3 के डीसीपी राजेश व्यास और जोन 4 के डीसीपी आनंद कलादगी के नेतृत्व में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई की गई. अधिकारियों ने खुद मौके पर पहुंचकर दुकानों, बाजारों और पतंग उड़ाने वाले इलाकों का निरीक्षण किया और लोगों से सीधे संवाद किया. जोन 2 में खजराना क्षेत्र में पुलिस टीम के साथ बाजारों की चेकिंग की गई. दुकानदारों को साफ चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिला तो सीधी कानूनी कार्रवाई होगी. इसी जोन के परदेशीपुरा क्षेत्र में दीवारों और वाहनों पर चेतावनी पोस्टर लगाए गए, वहीं खुले मैदानों में मिले पुराने मांझे को मौके पर ही जलाकर नष्ट करवाया.





### जोन 3 में बच्चों और युवाओं को दिलाई शपथ

जोन 3 में एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग मैदान में बच्चों और युवाओं के बीच पहुंचकर पुलिस ने चाइनीज मांझे के खतरों को बताया. मौके पर मौजूद युवाओं को इस जानलेवा मांझे का उपयोग न करने और कहीं भी इसकी गतिविधि दिखने पर पुलिस को सूचना देने की शपथ दिलाई. जबकि जोन 4 के तिलक नगर क्षेत्र में वर्ल्ड कप चौराहे सहित अन्य चिन्हित स्थानों और ब्रिजों पर सेफ्टी वायर लगवाए. इस दौरान पुलिस ने राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बैनर और स्टॉपर लगाए गए, ताकि तेज धार वाले मांझे से होने वाले हादसों को रोका जा सके. वहीं जोन 1 राऊ, गांधीनगर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस ने ब्रिजों और मुख्य सड़कों पर बैनर पोस्टर के जरिए जागरूकता अभियान चलाया. दुकानों की जांच के दौरान जो व्यापारी प्रतिबंधित मांझा नहीं बेचते पाए गए, उन्हें प्रतीकात्मक रूप से फूल देकर प्रोत्साहित भी किया. छोटी ग्वालटोली और शास्त्री ब्रिज क्षेत्र में पीए सिस्टम से अनाउंसमेंट कर पतंग न उड़ाने और उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई.

### चाइनीज मांझा बेचने वाले तीन आरोपी जिलाबदर

चाइनीज मांझा की अवैध खरीदी बिक्री और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर पुलिस ने कुछ आरोपियों के खिलाफ जिलाबदर और थाना हाजिरी की कार्रवाई की है. जिलाबदर किए गए आरोपियों में चंदननगर थाना क्षेत्र का 36 वर्षीय इरफान उर्फ इफ्तेखार उर्फ बाबू टिपिया, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी, खजराना थाना क्षेत्र का 25 वर्षीय तनवीर उर्फ तन्नू उर्फ मसूदी पिता अब्दूल गनी, निवासी हीना पैलेस कॉलोनी तथा हीरानगर थाना क्षेत्र का 20 वर्षीय रोहित पिता विक्रम धनगर, निवासी मेघदूत नगर शामिल है. वहीं थाना हाजिरी की कार्रवाई लसूडिया थाना क्षेत्र के 38 वर्षीय मनीष पिता कन्हैयालाल अग्रवाल, निवासी स्कीम-78, चंदननगर थाना क्षेत्र के 21 वर्षीय समीर उर्फ सोनू पिता अकील मेव निवासी मेवाती मोहल्ला, परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के 30 वर्षीय सलमान पिता अब्दुल सईद कुरैशी, निवासी 11 नंबर लालगली, भंवरकुआ थाना क्षेत्र के 31 वर्षीय रवि उर्फ काला पिता राजू सितोले निवासी राहुल गांधी नगर, जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के 28 वर्षीय मोहित उर्फ बिट्टू पिता प्यारेलाल नरवले निवासी जोशी मोहल्ला, बाणगंगा थाना क्षेत्र के 32 वर्षीय राहुल पिता रामलाल सोलंकी, निवासी भवानी नगर तथा हीरानगर थाना क्षेत्र के 25 वर्षीय अमन उर्फ लाला उर्फ ऋषिराज पिता सियाराम चंदले निवासी न्यू गौरी नगर के खिलाफ की है.

### कई थाना क्षेत्रों में पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

पुलिस ने तेजाजी नगर, एरोड्रम, सदर बाजार, जूनी इंदौर, सेंट्रल कोतवाली, एमआईजी सहित अन्य थाना क्षेत्रों में पैदल मार्च, पीए सिस्टम और ड्रोन निगरानी के जरिए लोगों को सतर्क किया. इस दौरान दोपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की समझाइश दी गई, क्योंकि सबसे ज्यादा खतरा सड़क पर चलने वालों को रहता है. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने साफ किया है कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा. चाइना मांझे का उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# बीआरटीएस को लेकर सख्त कार्रवाई पर मजबूर ना करें : हाईकोर्ट

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बीआरटीएस सड़क की रैलिंग और बस स्टॉप नहीं हटाने को लेकर आज हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि आप मामले में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं, हमें सख्त कार्रवाई करने पर मजबूर ना करें. उक्त मामले में अगली सुनवाई 19 जनवरी लगी है और अलगली तारीख पर बीआरटीएस सड़क रेलिंग हटाने वाले ठेकेदार को भी साथ लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए है.

शहर के यातायात व्यवस्था को लेकर अधिवक्ता अजय बागड़िया ने जनहित याचिका दायर की थी. इसमें लिंक याचिका अधिवक्ता मनीष यादव ने भी लगाई है. हाईकोर्ट की डबल बेंच में आज बीआरटीएस सड़क के रैलिंग हटाने में स्थानीय प्रशासन द्वारा टालमटोली की जा रही है.

यह बात अधिवक्ता अजय बागड़िया ने हाईकोर्ट में तर्क के दौरान कही. आज सुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल और यातायात डीसीपी आनंद कलादगी शासन का पक्ष रखने उपस्थित थे. अधिकारियों ने कहा कि ठेकेदार फिर काम बंद कर दिया है और उसको कई नोटिस दिए है, लेकिन वो काम नहीं कर रहा है. इस पर याचिकाकर्ता अधिवक्ता बागड़ियां और यादव ने तर्क दिया कि एक साल हो गया अधिकारियों द्वारा बहाने बाजी की जा रही है. आज भी ठेकेदार का बहाना बनाया जा रहा है. बागड़ियां ने कहा कि अगली सुनवाई पर ठेकेदार को भी आने का कोर्ट निर्देश दें. मामले में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी ने याचिकाकर्ता के तर्कों से सहमत होकर अधिकारियों पर टिप्पणी की कि आप बीआरटीएस और यातायात को गंभीरता से नहीं ले रहे है. हाईकोर्ट को सख्त कार्रवाई के लिए मजबूर ना करे. साथ ही अगली पेशी पर नगर निगम को ठेकेदार को भी कोर्ट में प्रस्तुत होने के निर्देश दिए.

# युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर** में स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिवस को आज युवा दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम किए गए. मुख्य कार्यक्रम आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया गया. उक्त कार्यक्रम में अपर कलेक्टर रोशन राय, एसडीएम अजय भूषण शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे. इस मौके पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया. सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा अधिकारी शामिल हुए।



## एक नजर में

### योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन विश्व चैंपियनशिप की ड्रेस रिहर्सल


इंदौर. पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु और पुरुष युगल की जोड़ी चिराग शेट्टी व सात्विक साईराज रंकीरेड्डी का कहना है कि घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने का अहसास हमेशा खास होता है. इन सबके मुताबिक इस बार योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि अगस्त में इसी वेन्यू पर बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी. एचएसबीसी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट, योनेक्स-सनराइज़ इंडिया ओपन 2026 का आयोजन 13 से 18 जनवरी तक होगा. यह टूर्नामेंट प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए एक ड्रेस रिहर्सल के रूप में काम करेगा. इस बार मुकाबले इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बड़े मल्टी-पर्पज़ हॉल में होंगे, जिससे दर्शकों को पहले की तुलना में कहीं बड़ा और बेहतर टूर्नामेंट देखने का अनुभव मिलेगा. हर साल की तरह इस संस्करण में भी दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें चीन के विश्व चैंपियन शी यू ची, महिला विश्व नंबर-1 आन से यंग और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स चैंपियन क्रिस्टो पोपोव शामिल हैं. अगले पांच दिनों में 20 देशों के कुल 256 खिलाड़ी एक्शन में होंगे, जिनमें चीनी ताइपे 36 खिलाड़ियों के साथ सबसे बड़ा दल भेज रहा है.

### एक्मा ऑटोमैकेनिका में 19 देशों के एग्जीबिटर्स आएंगे

इंदौर, एक्मा ऑटोमैकेनिका नई दिल्ली 2026, ऑटोमोटिव सर्विस और आफ्टरमार्केट इंडस्ट्री के लिए भारत का इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, 5-7 फरवरी को यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका में होगा, जो 19 देशों के 800 से ज़्यादा एग्जीबिटर्स के साथ अब तक का सबसे बड़ा एडिशन होगा. यह बड़ा एडिशन इंडस्ट्री की मज़बूत गति के चलते हो रहा है. भारत की ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स इंडस्ट्री ने पिछले साल 8% निर्यात बढ़ोतरी दर्ज की, जबकि घरेलू आफ्टरमार्केट वित्तवर्ष 2025 में 6% बढ़ा, जिसका कारण पुरानी गाड़ियों की बढ़ती संख्या, सर्विस नेटवर्क का बढ़ता फॉर्मलाइज़ेशन, डिजिटल और डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर चैनलों को अपनाना है. 50,000 से ज़्यादा ग्रॉस स्क्वायर मीटर में फैली यह प्रदर्शनी 3,000 से ज़्यादा ब्रांड्स को एक साथ लाएगी, जिसमें 285 पहली बार भाग लेने वाले एग्जीबिटर्स शामिल हैं. राज मानेक, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बोर्ड मेंबर, मेस्से फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड ने कहा कि मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि इस शो में भारतीय और इंटरनेशनल स्तर पर बहुत अच्छी भागीदारी हुई है और इस शो ने भारत के ऑटो कंपोनेंट सेक्टर की बढ़ती ग्रोथ को भी दिखाया है. विन्नी मेहता, डायरेक्टर जनरल, ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा कि यह इवेंट सिर्फ़ प्रोडक्ट्स दिखाने के बारे में नहीं है, बल्कि भारत को क्वालिटी-ड्रिवन, टेक्नोलॉजी-आधारित आफ्टरमार्केट सॉल्यूशंस के लिए एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में पेश करने के बारे में है.

### भारत में किफायती आवास पर पुनर्विचार

इंदौर. भारत में घर होना केवल एक वित्तीय उपलब्धि नहीं है, यह सुरक्षा, सम्मान और अपनेपन का प्रतीक है. सभी आय समूहों में, घर के स्वामित्व की आकांक्षा बहुत गहरी है. फिर भी, लाखों भारतीय परिवारों के लिए, विशेष रूप से अनौपचारिक या मामूली आय वाले लोगों के लिए, एक सुरक्षित और औपचारिक घर का सपना साकार करना कठिन बना हुआ है. चुनौती महत्वाकांक्षा की नहीं, बल्कि पहुँच (एक्सेस) की है, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के इमर्जिंग बिजनेस के प्रमुख उमेश अरोरा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत में हाउसिंग क्रेडिट (आवास ऋण) का विस्तार हुआ है, लेकिन यह असमान रहा है. औपचारिक, वेतनभोगी परिवारों को इसका सबसे अधिक लाभ मिला है, जबकि अनौपचारिक श्रमिक, गिग प्रोफेशनल्स और स्व-नियोजित परिवार स्थिर नकदी प्रवाह और अनुशासित पुनर्भुगतान व्यवहार के बावजूद अक्सर औपचारिक आवास वित्त पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर रह जाते हैं. उनकी आय मौसमी हो सकती है, दस्तावेज़ अधूरे हो सकते हैं और संपत्ति का निर्माण धीरे-धीरे हो सकता है, लेकिन घर के स्वामित्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता कम नहीं है. भारत में किफायती आवास की वास्तविकता मौलिक रूप से क्रमिक (इन्क्रीमेंटल) है. परिवार अक्सर एक भूखंड (प्लॉट) खरीदकर शुरुआत करते हैं और जैसे-जैसे बचत जमा होती है और आय अनुमति देती है, चरणों में अपने घर बनाते हैं. मरम्मत, विस्तार और अपग्रेड समय के साथ होते हैं. किफायती आवास वित्त तब सबसे अच्छा काम करता है जब वह इस बात को समझता है कि घर वास्तव में कैसे बनाए जाते हैं.



# विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के प्रेरणास्रोतः महापौर

▶ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर महापौर ने किया माल्यार्पण

नव भारत न्यूज


**इंदौर.** आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर लाबरिया भेरू चौराहे स्थित प्रतिमा पर महापौर ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. माल्यार्पण के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं. उनका जीवन राष्ट्र निर्माण, आत्मबल, सेवा एवं समाज के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है. उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया. इस मौके पर महापौर प्रतिनिधि भरत पारीक, पार्षद भारत सिंह रघुवंशी, रमेश खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया.

# डॉ. द्विवेदी होम्योपैथी फॉर ह्यूमैनिटी-एनीमिया केयर अवॉर्ड से सम्मानित

▶ सिलीगुड़ी में आयोजित ग्लोबल आयुष समिट एवं अवॉर्ड समारोह में डॉ. द्विवेदी का व्याख्यान

**इंदौर/ सिलीगुड़ी.** सिलीगुड़ी में संजीवनी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 7वां ग्लोबल आयुष समिट एवं अवॉर्ड समारोह संपन्न हुआ. समारोह में इंदौर के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी को होम्योपैथी फॉर ह्यूमैनिटी-एनीमिया केयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. डॉ. द्विवेदी को यह सम्मान एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के क्षेत्र में उनके द्वारा सतत् शोध, उपचार और जनजागरूकता अभियान के लिए प्रदान किया गया.

सिलीगुड़ी में आयोजित समारोह में डॉ. द्विवेदी बतौर मुख्य वक्ता शामिल थे. उन्होंने ने एप्लास्टिक एनीमिया के नैदानिक परिणामः केस-सीरीज आधारित होम्योपैथिक दृष्टिकोण विषय पर अपना मुख्य व्याख्यान दिया. इस दौरान अप्लास्टिक एनीमिया से स्वस्थ हुए मरीजों की केस-सीरीज प्रस्तुत की. डॉ. द्विवेदी ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति ब्लड कैंसर, बोनमैरो विकारों तथा कैंसर उपचार के बाद होने वाले पैनसाइटोपीनिया के प्रबंधन में भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है.



आयुष एवं होम्योपैथिक पद्धति को लेकर डॉ. द्विवेदी ने कहा आज जब दुनिया केवल दवा नहीं, बल्कि मानवीय उपचार खोज रही है, तब आयुष चिकित्सा आशा की सबसे सशक्त किरण बनकर उभरी है. होम्योपैथी जो वैज्ञानिक सोच के साथ-साथ संवेदना को भी उपचार का आधार बनाती है, हमें यह सिखाती है कि जब इलाज में इंसानियत जुड़ती है, तब चिकित्सा केवल उपचार नहीं, बल्कि सेवा बन जाती है.




# स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

**इंदौर. भारत विकास परिषद तिलक शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती, युवा दिवस के अवसर पर शासकीय एकीकृत विद्यालय पिपल्याहाना में प्रसिद्ध लेखिका एवं तिलक शाखा सदस्य ज्योति जैन के व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने स्वामी जी के विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया. तत्पश्चात प्राचार्या ज्योति जैन को स्वामी जी के 10 प्रतिकृति कक्षाओं में लगाने हेतु भेंट की गई. स्वागत उषा नागर ने किया. स्मृति चिन्ह मनोहर बरुआ, राजमल नागर, अजय माहेश्वरी और सुभाष वर्मा ने दिये. वंदेमातरम का गान संध्या यादव ने किया. स्वागत को शब्द अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने दिये. आभार का भार उपाध्यक्ष शक्तिसिंह शक्तावत ने स्वीकार किया। संचालन संजय भाटे ने किया. प्राचार्या ज्योति जैन ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी. पर्यावरणविद एवं अध्यक्ष नवआरंभ जन सेवा संस्थान भूपेन्द्र सिंह ने विद्यालय को पौधे भेंट एवं रोपित किये. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से सुभाष जी गुप्ता, जामले जी उपस्थित रहे.

एक नजर में ▶ अच्छी शिक्षा आज की आवश्यकता : स्वामी केशवाचार्य महाराज

# वेंकटेश बालाजी का हुआ महाअभिषेक, चक्र स्नान संपन्न

**इंदौर.** श्री पद्मावती वेंकटेश देव स्थान पर चल रहे ब्रह्म उत्सव के समापन अवसर पर सोमवार को 11.30 बजे भगवान बालाजी का महा अभिषेक निज मंदिर में प्रारंभ हुआ इसमें पोद्दार परिवार, रमेश मान्धनिया परिवार एवं राधेश्याम लाहोटी परिवारस सुनील बंसल एवं महेश जी दम्माणी ने पूजन अर्चन कर प्रभु एवं स्वामी केशवाचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया.

इस अवसर पर स्वामी जी ने पढ़ने वाले बच्चों के लिए कहा कि उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपने धर्म एवं संस्कार का ज्ञान भी होना चाहिए. अच्छी शिक्षा आज की बहुत बड़ी आवश्यकता है. बालाजी के अभिषेक में दूध ,दही ,केसर, हल्दी, शक्कर एवं पवित्र नदियों के जल का प्रयोग कर 108 रजत कलशो से अभिषेक किया गया साथ ही श्री सूक्त, पुरुष सूक्त गणेश अथर्व शीर्ष मंत्रोच्चार एवं तुलसी अर्चना की गयी. अभिषेक के पश्चात भगवान का श्रृंगार किया गया एवं आरती के पश्चात गोष्ठी प्रसाद के साथ अभिषेक तीर्थ प्रसाद का भी वितरण किया गया. इस अवसर पर सोयल साबू, राजेंद्र मंत्री, भगवानदास हेडा, राजा लड्ढा, प्रदीप साबू, राम हुरकट, राजेंद्र काबरा, मोहित कश्यप, पदमा सोनी, अनुराधा कश्यप भी मौजूद थे.





### श्रृंगार आरती के साथ समापन

मंदिर समिति के मनोहर सोनी एवं हरिकिशन साबू ने बताया कि आज प्रातः सत्र में भगवान का चक्र स्नान हुआ जिसमें पुष्कर्णी में भक्तों ने भगवान को स्नान कराया एवं स्वयं भी ठंडे जल से स्नान किया आज उत्सव का अंतिम दिवस था समापन अवसर पर श्रृंगार आरती के साथ उत्सव का समापन हुआ.